Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 19/11/2022

प्रकाशनार्थ

**भारत में हिन्दू–मुसलमान ऐसे रहते है जैसे–एक व्यक्ति के दो आखें– डॉ0 शाजिद**

राष्ट्रीय सेवा योजना, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर आवासीय परिसर के तत्वाधान में राष्ट्रीय एकीकरण एवं कौमी एकता पखवारा का आयोजन आज दिनांक 19 नवम्बर, 2022 को 02.00 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय पर किया गया। राष्ट्रीय एकीकरण एवं कौमी एकता पखवारा के मुख्य अतिथि डॉ0 साजिद हुसैन अन्सारी, उर्दू विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर ने कहा कि भारत में अनेक प्रकार के धर्म, जाति, भाषा के अलग–अलग लोग रहते है। फिर भी हम लोग भारतीय है। यदि आप हिन्दू है तो आपका मित्र मुस्लिम, इसाई होना चाहिए। आपस में प्रेम व्यवहार बनाकर रहना चाहिए। एक दूसरे धर्म के प्रति आदर प्रेम की भावना हो तथा दंगा फसाद नहीं होना चाहिए। जब–जब हमारे कौमी कमजोर होती है तब बाहरी आक्रमण होने का डर बना रहता है। इसलिए कौमी को मत बाटियें। राष्ट्रीय एकीकरण एवं कौमी एकता पखवारा पर कार्यक्रम पर डॉ0 जितेन्द्र कुमार कार्यक्रम समन्वयक ने कहा कि कौमी एकता सप्ताह सार्वजनिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता की ताकत को मजबूत करने तथा बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। पूरे सप्ताह का समारोह संस्कृति और भाई चारे की भारतीय समाज में बहुधार्मिक, बहुसांस्कृति धर्मों की पुष्टि करने के लिए एक नया अवसर प्रदान करता है। राष्ट्रीय एकता समारोह के दौरान भारत की स्वतंत्रता और ईमानदारी को संरक्षण को मजबूर करने की प्रतिज्ञा ली जाती है। प्रतिज्ञा में यह निश्चय किया जाता है कि सभी प्रकार के मतभेदों के साथ ही भाषा, धर्म, संस्कृति, क्षेत्र आदि विवादों को निपटाने के लिए अंहिसा शान्ति और विश्वास को जारी रखा जायेगा। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम समन्वयक द्वारा मुख्य अतिथि तथा कार्य में उपस्थिति सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में स्वयंसेवकध्स्वयंसेविकाएं उपस्थिति रहे। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur